Ministry of Health and Family Welfare
Government of India

Help us to help you

फॉलो-अप और बूस्टर पर अक्सर पूछे जाने वाले सवाल

1 क्या दूसरी डोज़ में भी वही वैक्सीन ज़रूरी है जिसकी पहली डोज़ ली गई थी?

चूंकि उपलब्ध टीकों की अदला-बदली नहीं की जा सकती है, इसलिए दूसरी डोज़ भी उसी वैक्सीन की ज़रूरी है, जिसकी पहली डोज़ ली गई हो। कोविन ऐप भी ये सुनिश्चित करने में मदद करेगा कि हर कोई एक ही वैक्सीन की दोनों डोज़ लें।

2 मैं कितने समय तक सुरक्षित रहूंगा/रहूंगी?

वैक्सीन कितने समय तक कोरोना वायरस से सुरक्षा देती है, ये अभी तक तय नहीं हो पाया है।

3 क्या दूसरी डोज़ के बाद भविष्य में बार-बार वैक्सीनेशन या बूस्टर डोज़ की ज़रुरत होगी?

बूस्टर डोज़ की ज़रुरत अभी तक तय नहीं हो पाई है।

4 क्या मुझे वैक्सीनेटेड होने का सर्टिफिकेट मिलेगा?

हां, पहली डोज़ के बाद एक प्रोविज़नल सर्टिफिकेट दिया जाएगा। दूसरी डोज़ लगने के बाद, जब आपको शेड्यूल पूरा होने का मैसेज मिलेगा तो उसमें एक लिंक होगा जिससे आप वैक्सीनेशन का डिजिटल सर्टिफिकेट डाउनलोड कर सकते हैं। उसके बाद इस सर्टिफिकेट को आप डिजी-लॉकर में भी सुरक्षित रख सकते हैं।